# कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर

# ई–न्यूज लेटर

| | |
|---|---|
| 1 | **आगामी वर्षा/मानसून को देखते हुए नगर निगम/परिषद/पालिका क्षेत्र में नालों, सड़कों आदि की साफ सफाई की समीक्षात्मक चर्चा** :- शहर में दो स्थानों पर खड्डो के डिसल्टिंग कार्य की निविदा दि. 25.05.2016 को आमंत्रित की गई थ्यी। दो कार्य की निविदा दिनांक 21.06.2016 को हो चुकी है एंव शेष एक कार्य की 23.06.2016 को निविदा खोली जानी है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश जारी किया जावेंगे। |
| 2 | **बजट 2016–17 की घोषणा में नगर निगम/परिषद/पालिका से संबंधित घोषणाओं की क्रियान्विती की कार्यवाही चर्चा** :- मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं में नगर परिषद, श्रीगंगानगर से सम्बन्धित कोई बजट घोषणा नहीं की गई है। |
| 3 | **स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति समीक्षा** :- निम्नानुसार एंव निर्धारित प्रपत्र में संलग्न है। |

**(I) स्वच्छ भारत मिशन के तहत IHHL सर्वे कार्य की स्थिति :–**

| नाम निकाय | सेंसस आधार पर शौचालय विहिन परिवार | सर्वे आधार पर शौचालय विहिन | प्राप्त आवेदन | प्रमाणीकरण/अपडेशन कितनों का किया | कितनों को प्रथम किश्त जारी की गई | कितनों में कार्य आरम्भ | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 7746 | 6028 | 4970 | 2643 | 2487 | 422 कार्य पूर्ण | – |

**सामुदायिक शौचालय :–**

| नाम निकाय | लक्ष्य | कितनें स्थानों का चयन किया गया | स्थानों का विवरण | टेंडर किये या नहीं | जन सहभागिता प्राप्त हुई अथवा नहीं | कार्य कब तक पूर्ण होगा | वि0 वि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 03 | 03 | 03<br>(1) आयुर्वेद चिकित्सालय के पास, वार्ड नं. 11<br>(2) वार्ड नं. 40 नजदीक मौसम विभाग<br>(3) नजदीक शुगरमिल | 02 कार्यो के टेंडर कर दिये गये है।<br>(1) आयुर्वेद चिकित्सालय के पास, वार्ड नं. 11<br>(2) वार्ड नं. 40 नजदीक मौसम विभाग | नहीं | कुल 03 कार्यो में 01 का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है तथा 01 विवाद के कारण आरम्भ नहीं किया जा सका है। | – |

**सार्वजनिक शौचालय :–**

| नाम निकाय | लक्ष्य | कितनें स्थानों का चयन किया गया | स्थलों का विवरण | टेंडर किये या नहीं | जन सहभागिता प्राप्त हुई अथवा नहीं | कार्य कब तक पूर्ण होगा | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 05 | 02 | 1. सुखाड़िया सर्किल बस स्टेण्ड<br>2. डी ब्लाक डिग्गी | हां निविदा प्राप्त की जा चुकी है। | नहीं | पूर्ण | – |

| | |
|---|---|
| 4 | **नगर निगम/परिषद/पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित समस्या की प्रभावी रोकथाम** :- माननीय उच्च न्यायालय, जौधपुर के निर्णयानुसार नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा शहर में कुल 5 सड़कों पर हुए अतिक्रमणों को हटवाया गया है। इसके अतिरिक्त करणीमार्ग पर स्थित 40 मकान, जो कि अतिक्रमण की श्रेणी में आ रहे थे, को हटवाया गया। भविष्य में भी नियमानुसार अतिक्रमण हटवाये जावेंगे। |
| 5 | **राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.)/दीनदयाल अन्त्योदय योजना की प्रगति समीक्षा** :- संलग्न है। |
| 6 | **एकीकृत्त आवास एंव स्लम विकास कार्यक्रम (आई.एच.एस.डी.पी.) की प्रगति समीक्षा** :- नगर परिषद, श्रीगंगानगर से संबंधित नहीं है। |
| 7 | **प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति समीक्षा** :- प्रधानमंत्री आवास योजना ''सबके लिये आवास'' के अन्तर्गत दिनांक 23.06.2016 को प्रातः 11.30 बजे कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों/अधिकारी/कर्मचारियों को योजना के उद्देश्य एंव विषय में जानकारी दी जावेगी। |
| 8 | **अमृत योजना की प्रगति समीक्षा** :- अमृत योजनान्तर्गत श्रीगंगानगर शहर के विकास के लिये 55.00 करोड़ रू0 के प्रस्ताव की SLIP (Service Level Improvement Plan) 2016-17 तैयार कर आगामी कार्यवाही हेतु कार्यकारी निदेशक (RUIFDCO) जयपुर को भिजवाये जा चुके है, जिसमें (1) 20.00 करोड़ रू0 Storm Water Drainage (2) 10.00 करोड़ रू0 Septag Management (3) 5.00 करोड़ रू0 के Green Space & Parks है। उक्त कार्यो की डीपीआर (3 कार्यो, 35.00 करोड़ रू0 की) तैयार करवाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। फर्म क्रियेटिव टेक्नोक्रेट सर्विसेज प्रा0लि0, जयपुर राजस्थान को कार्य करने हेतु कार्यादेश सं. 46 दिनांक 07.04. 2016 जारी किया जा चुका है। उक्त कार्यो की डी.पी.आर. का कार्य प्रगति पर है। |
| 9 | **अन्य बिन्दु चर्चा अनुसार** :- निम्न है :– |
| i | **LED Light replacement** :- परिषद् क्षेत्र में स्ट्रीट लाईटों को एल.ई.डी. में बदलने हेतु ESSL के साथ अनुबन्ध माह अप्रेल 2015 में हस्ताक्षरित कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीगंगानगर शहर में ESSL कम्पनी द्वारा सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सर्वे अनुसार कुल 10,469 बिजली के पोल उपलब्ध है। ESSL कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा उक्त कार्य किया जा रहा है। |
| ii | **Sewerage Status** :– आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा श्रीगंगानगर शहर के लिये थर्ड फेज के अन्तर्गत वाटर सप्लाई के लिये राशि रू. 186.15 करोड़ एंव सीवरेज परियोजना के लिये राशि रू. 233.90 करोड़ राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत्त किये गये है, जिसकी आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार करने के उपरान्त निविदा प्राप्त की जाकर, Financial BID की कार्यवाही प्रगति पर है। |
| iii | **भामाशाह योजना** :– श्रीगंगानगर शहर में कुल 48,025 परिवार है, जिनमें से 25,203 परिवारों (75,009 सदस्यों) का नामांकन भामाशाह योजना में किया गया है। नामांकन के बाद अब तक 21,486 परिवारों के भामाशाह कार्डो का वितरण कर दिया गया है। वर्तमान में भामाशाह सीडिंग केम्प वार्डवाईज लगाये जा रहे है, जिसके अन्तर्गत भामाशाह नामांकन व आधार कार्ड नामांकन किये जा रहे है। |
| iv | **राजस्थान सम्पर्क पोर्टल** :– राजस्थान सम्पर्क पोर्टल में आदिनांक तक 16 प्रकरण लम्बित है, जिनका निर्धारित अवधि में निस्तारण कर दिया जावेगा। |

## अमृत व स्मार्ट सिटी योजना को 01 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वर्षगांठ पर दिनांक 25.06.2016 को श्रीगंगानगर शहर में निम्नानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया–

1. **प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम**–शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रातः 10.00 बजे अमृत योजना के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अमृत योजना के विभिन्न घटकों की जानकारी विस्तार से दी गई तथा योजना से शहर में करवाये जाने वाले विकास कार्यो की जानकारी प्रदान की गई। तदोपरांत विद्यार्थीयों से अमृत योजना के संबंध में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें योजना के संबंध में प्रश्न पूछे गये तथा उत्कृष्ठ जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ संलग्न है।




24/06/2016 22:41

2. **प्रेस कान्फ्रेंस कार्यक्रम–**अमृत योजना के संबंध में नगरपरिषद में सभापति सभाकक्ष में सभापति महोदय की अध्यक्षता में आयुक्त महोदय व कार्यावाहक अधिशाषी अभियंता द्वारा प्रातः 11.00 बजे मीडिया कर्मियों के समक्ष कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें सभापति महोदय, आयुक्त व अधिशाषी अभियंता द्वारा माननीय प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी अमृत योजना में शहरी निकायों में करवाये जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी देते हुए निम्नानुसार भौतिक व वित्तीय घटकों की जानकारी प्रदान की गई।

अमृत योजना में राज्य सरकार के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर शहर के लिए SLIP ( Service level Improvement Plan) तैयार कर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने की जानकारी प्रदान की गई।

1. Water supply-RUIDP Phase III
2. (a) Sewerage work RUIDP Phase III
   (b) Septage management-Rs 10.00 Crore
3. Storm water drains to reduce flooding-Rs 20.00 Crore
4. Urban Tranport-Pedestrain, non-motorized and public transport faciltics, parking spaces reduce pollution levels and –Rs 20.00 Crore
5. Enhance amenity value to cities by creating and upgrading green spaces, parks and recreation centers, especially for children-Rs 5.00 Crore

इसके उपरांत मीडिया कर्मियों द्वारा निकायों के सक्षम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के योजना के संबंध में प्रश्न पूछे गये तथा योजना के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलूओं पर कार्यस्थल पर आने वाले समस्याओं के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। निकाय अधिकारियों द्वारा भी प्राप्त सुझाव में पर कार्य करने का ठोस आश्वासन शहर की जनता व मीडिया कर्मियों को दिया गया। अन्त में योजना से शहर में करवाये जाने वाले कार्यो में सहयोग की आशा के साथ जनता एवं मीडिया कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रेस कांन्फ्रेस का समापन किया गया।




**3. माननीय प्रधानमंत्री महोदय के जनता संवाद का सीधा प्रसारण कार्यक्रम–** अमृत व स्मार्ट सिटी योजना को 01 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री महोदय के जनता संवाद कार्यक्रम पुना (महाराष्ट्र) से सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से नगरपरिषद सभाकक्ष में प्रस्तुत किया गया जिसमे माननीय सभापति महोदय, आयुक्त, अधिशाषी अभियंता एवं शहर के विभिन्न गणमान्य लोग एवं नगर पार्षद एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।


24/06/2016 23:21